

## शाकिब अल हसन वर्ल्ड कप से बाहर

आइसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बीच में नंबर वन बल्लेबाज, गेंदबाज और आलराउंडर बदल गए हैं। बल्लेबाजी में जहां बाबर आजम (834) ने डाविड मलान (798) को पछाड़ा है। वहीं, गेंदबाजी में तबरेज शम्सी (770) को वनिंदु हसरंगा (776) ने पीछे छोड़ा है। इसके अलावा आलराउंडर्स की रैंकिंग में अफगानिस्तान के मुहम्मद नबी (271) ने बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (271) को पीछे छोड़ा है। शाकिब अल हसन हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण आइसी टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं।

## बाबर आजम बने नंबर वन टी20 बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। यूएई में जारी टी20 वर्ल्ड कप के बीच में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आइसीसी ने टी20 रैंकिंग जारी कर दी है। ताजा रैंकिंग में पाकिस्तान के बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला है, क्योंकि पाकिस्तान के बल्लेबाजों का दमदार प्रदर्शन टूर्नामेंट में जारी है। इसी वजह से पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं, टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में नया नंबर वन गेंदबाज भी देखने को मिला है। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में बाबर आजम ने फिर से नंबर वन की कुर्सी हासिल की है। इसके अलावा वे वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में भी विराट कोहली को पीछे छोड़कर नंबर वन बल्लेबाज बने हुए हैं। वहीं, टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को वनिंदु हसरंगा के रूप में नया नंबर वन गेंदबाज मिला है। श्रीलंका के हसरंगा ने साउथ अफ्रीका के तबरेज शम्सी को पीछे छोड़कर नंबर वन की कुर्सी पर कब्जा जमाया है। वहीं, बाबर आजम ने इंग्लैंड के डाविड मलान ने नंबर वन की कुर्सी छीन ली है।

# भारतीय टीम के लिए टी20 वर्ल्ड कप अब तक यादगार नहीं रहा

**क्रिकेट**

## बुमराह को नहीं, बल्कि इनको करना चाहिए था मीडिया का सामना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के लिए यह टी20 वर्ल्ड कप अब तक यादगार नहीं रहा है। टूर्नामेंट में पसंदीदा में से एक के रूप में विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम उतरी थी, लेकिन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को बुरी तरह हराया और अब ये आलम है कि भारत टी20 विश्व कप से बाहर हो सकता है। लगातार दो मैच हारने के बाद भारतीय टीम पर पहले दौर से ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। अपने बाकी बचे तीन मैच भी भारत जीत जाता है, फिर भी टीम को अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। उधर, पूर्व भारतीय कप्तान मुहम्मद अजहरुद्दीन ने कीवी टीम के खिलाफ मिली हार के बाद कहा है कि प्रेस कान्फ्रेंस के लिए कप्तान विराट कोहली या फिर मुख्य कोच रवि शास्त्री को आना चाहिए था, न कि



जसप्रीत बुमराह को।

मुहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि भारत को अपने पिछले मैच में न्यूजीलैंड से हारने के बाद रवि शास्त्री या विराट कोहली को मैच के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में मीडिया का सामना करना चाहिए था। अजहर ने एक हिंदी न्यूज चैनल पर बात करते हुए कहा, मेरे विचार में, कोच को प्रेस कान्फ्रेंस के लिए आना चाहिए था। अगर विराट कोहली प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल नहीं होना चाहते हैं, तो ठीक है, लेकिन रवि भाई को प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल होना चाहिए था। अजहर ने आगे कहा कि कप्तान और कोच के रूप में उन्हें हार के बाद जिम्मेदारी लेने की जरूरत होती है, न कि जब टीम अच्छा प्रदर्शन करती है तो सवालों का सामना करना पड़ता है।


उन्होंने कहा, बुमराह को प्रेस कान्फ्रेंस के लिए भेजना सही नहीं था। या तो कप्तान या कोच को प्रेस कान्फ्रेंस के लिए आना चाहिए था या कोचिंग स्टाफ में से किसी एक को। पूर्व कप्तान ने ये भी कहा कि बेहतर टीम से हारना शर्म की बात नहीं है, बल्कि इससे प्रबंधन को जिम्मेदारी निभाने का मौका मिलता है। अजहर ने कहा कि अगर टीम के अच्छा प्रदर्शन करने पर कप्तान और कोच मीडिया का सामना करते हैं तो टीम के बुरे दौर से गुजरने पर उन्हें इसका खामियाजा भुगतना होगा।

# टीम इंडिया के पास नहीं है पावर हिटिंग का दम, भुगता बड़ा खमियाजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दो साल पहले भारतीय टीम को पता चल गया था कि उसे लगातार दो साल एक के बाद दो टी20 वर्ल्ड कप खेलने हैं। टीम प्रबंधन को इस बात का अहसास हुआ कि उसे इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के अंदाज का क्रिकेट खेलने की जरूरत है। यानी पहली ही गेंद से आक्रामक बल्लेबाजी। इसके बाद पारी के अंत में जादुई करिश्मे की अहमियत भी थी।

दो साल बाद भारतीय टीम पहले टी20 वर्ल्ड कप 2021 के पहले दो मैचों में सात विशेषज्ञ बल्लेबाजों के साथ उतरी है। और इसमें से एक भी ऐसा बैकअप बल्लेबाज नहीं है जो पारी के अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर मैच



को खत्म कर सके। दो हिटर्स अपने रंग में नहीं हैं। रविंद्र जडेजा और हार्दिक पंड्या नंबर 6 और नंबर 7 पर उस भूमिका को अच्छे से नहीं निभा पाए। उनसे पहले के बल्लेबाज पारी बनाने में लगे रहे। शायद यही कारण था कि भारतीय बल्लेबाजों की जरूरत से ज्यादा सावधानी भरी पारी से टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर खड़ी है।

राठौड़ ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमारी टीम में रविंद्र जडेजा भी है। फिर हमारे पास सूर्यकुमार यादव हैं, विराट कोहली हैं। हमारे पास ऐसे कई खिलाड़ी हैं जो मैच खत्म कर सकते हैं। उन्होंने पहले भी ऐसा किया है। हालांकि, हकीकत यह है कि टॉप चार में चुने गए बल्लेबाज, विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल के अलावा सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन ऐसे बल्लेबाज के तौर पर देखे जाते हैं जो डेथ ओवर्स में आकर पावर-हिटिंग नहीं कर सकते। अगला नंबर ऋषभ पंत का आता है लेकिन वह अकसर नंबर 5 पर आकर पारी को बनाने में लगे रहते हैं। राठौड़ ने कहा, किसी भी अंतरराष्ट्रीय टीम को इस दौर से गुजरना पड़ता है। जब आप राज्य या फ्रैंचाइजी के लिए खेलते हैं तो आप हमेशा टॉप चार में बल्लेबाजी करते हैं।

## नीरज चोपड़ा और मिताली राज सहित 12 को खेल रत्न तो 35 बनेंगे अर्जुन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ओलिंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह को मंगलवार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं की सूची में शामिल किया गया जिससे देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार के इस साल के विजेताओं की संख्या 12 पहुंच गयी। पुरस्कार समारोह 13 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया जाएगा। मनप्रीत के नाम की सिफारिश पहले अर्जुन पुरस्कार के लिए की गयी थी लेकिन अब वह खेल रत्न पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश के साथ दूसरे हॉकी खिलाड़ी के रूप में शामिल हो गए हैं। खेल रत्न पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में ओलिंपिक चौंपियन नीरज चोपड़ा और ओलिंपिक रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया शामिल है। महिला क्रिकेटर मिताली राज को भी खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। अर्जुन पुरस्कार विजेताओं में अधिकतर पैरालंपिक खेलों में रजत पदक विजेता हैं। इनमें क्रिकेटर शिखर धवन भी शामिल हैं।

## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान से हार के सदमे से अभी भी नहीं उबर पाया भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। पाकिस्तान महिला टीम की क्रिकेटर सना मीर ने बुधवार को कहा कि आईसीसी टी20 विश्व कप सुपर 12 के पहले मैच में पाकिस्तान के हाथों भारत 10 विकेट से हारने के बाद उसका असर उनके दूसरे मैच न्यूजीलैंड के साथ भी दिखाई दिया जहां विराट की सेना को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान से भारत की सबसे खराब टी20 हार के बाद विराट कोहली की टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आत्मसमर्पण कर दिया। भारतीय टीम ने कीवीओं के खिलाफ स्कोर बोर्ड पर सिर्फ 110 रन बनाए। जिसे विरोधी टीम ने दो विकेट के नुकसान पर 14.3 ओवरों में ही मैच को अपने नाम कर लिया। सना मीर ने कहा, 'भारत को पाकिस्तान के हाथों मिली बड़ी हार से उबरना आसान नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ ऐसा लगा कि वे अभी भी पूरी तरह से आगे नहीं बढ़े हैं। वे अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली हार को भुलाकर टूर्नामेंट में पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेंगे।'

### टीम इंडिया को सुनील गावस्कर की अहम सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुनील गावस्कर ने भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले चेताया है । बुधवार को टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत का मुकाबला अफगानिस्तान की टीम है। गावस्कर की नजर में भारतीय टीम को इस बेहद खतरनाक टीम के सामने बहुत सावधान रहना होगा। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि कहा कि अफगानिस्तान के बल्लेबाज आक्रामक क्रिकेट खेलते हैं। वे जोखिम उठाते हैं। लेकिन उनके मिस्ट्री स्पिनर भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी का फायदा उठा सकते हैं। सुनील गावस्कर ने कहा कि मोहम्मद नबी की टीम को हल्के में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह टीम केले के छिलके की तरह है जिस पर कोई भी टीम फिसल सकती है। स्पोर्ट्स तक पर बातचीत में इस महान बल्लेबाज ने कहा, जी, वे बहुत खतरनाक हैं... चूंकि वह एक ऐसी टीम है जो 20 ओवरों के खेल में अपने शॉट्स खेलने से नहीं रुकती। वे मैदान पर उतरते हैं और खुशी-खुशी अपना बल्ला घुमाते हैं।

### पाकिस्तान के खिलाड़ी नामीबिया के ड्रैसिंग रूम में गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान और इंग्लैंड टीम का प्रदर्शन असाधारण रहा है। पाकिस्तान की टीम ने सेमीफाइनल के लिए मंगलवार को क्वालीफाई कर लिया और इंग्लैंड की टीम भी जल्द क्वालीफाई कर जाएगी। पाकिस्तान की टीम ने नामीबिया को हराकर सुपर 12 का अपना चौथा मैच जीता और 8 अंकों के साथ टीम ने प्लेआफ में जगह बना ली। हैरान करने वाली बात ये रही कि नामीबिया को हराने के बाद पाकिस्तान के खिलाड़ी उनके ड्रैसिंग रूम में पहुंचे और उनके साथ बात की। ये क्रिकेट के लिहाज से अच्छा पल क्रिकेट बिरादरी के लिए था। दरअसल, नामीबिया को पाकिस्तान की टीम ने 45 रन से हराया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में नामीबिया ने अच्छा खेला, लेकिन टीम जीत की लाइन को क्रास करने से काफी दूर रह गई। नामीबिया ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों को आधी पारी तक बांधकर रखा था, लेकिन टीम को विकेट नहीं मिले थे।

### नीरज चोपड़ा को धोनी की टीम ने किया सम्मानित, गिफ्ट की खास जर्सी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तीन बार के इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन (आईपीएल) चेन्नई सुपरकिंग्स ने तोक्यो ओलिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को उनकी एतिहासिक उपलब्धि के लिए एक करोड़ रुपये का चैक देकर सम्मानित किया।ओलिंपिक चौंपियन भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा को चेन्नई सुपर किंग्स क्रिकेट लिमिटेड की ओर से एक करोड़ रुपये का चौक सौंपा गया। सीएसके ने चोपड़ा के सम्मान में उन्हें 8758 नंबर (तोक्यो में 87. 58 मीटर के स्वर्ण पदक के प्रयास के आधार पर) की जर्सी भी सौंपी।